कार्यालय कार्यपालन यंत्री बाणसागर पक्का बांध संभाग क्र. 3 देवलोंद,
पो.आ. बाणसागर जिला–शहडोल (म.प्र.)
(दूरभाष क्र. 07650–268521 E- Mail – eemddndeo@gmail.com)

## परियोजना निर्माण संबंधी औचित्य टीपः–

बहुती नहर म.प्र.शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके निर्माण से एक लाख पच्चीस हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई हो सकेंगी। बहुती नहर के किमी. 16.183 से 16.470 किमी. के मध्य नहर निर्माण से गोविन्दगढ़ वित वन क्षेत्र में वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 1121 की 1.4002 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित हो रही है, जो सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील के ग्राम मझगवां के नजदीक से गुजरती है। नहर निर्माण हेतु न्यूनतम चौड़ांई ली गई है। प्रभावित वन भूमि के पहले एवं बाद में नहर का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की स्थिति में है अर्थात दोनों तरफ नहर का निर्माण किया जा चुका है। आगे टनल का कार्य भी पूर्ण किया जा रहा है। प्रभावित नहर के दांये तरफ सीमेंट का बड़ा कारखाना स्थित है और सड़क भी निर्मित है। बांये तरफ ले जाने पर पहाड़ है।

अतः प्रस्तावित एलाइनमेंट में परिवर्तन संभवित नहीं है। उपरोक्तानुसार दिये गये तथ्यों के आधार पर तकनीकी रूप से साध्य न होने के कारण वैकल्पिक एलाइनमेंट की संभावना नहीं है। अतः तुलनात्मक सारिणी की आवश्यकता नहीं है।

(आर.पी.सिंह कंवर)
कार्यपालन यंत्री
बाणसागर पक्का बांध संभाग क्र. 3
पो.आ. बाणसागर जिला–शहडोल (म.प्र.)



Scanned with CamScanner